सिरोही के रेवदर में छह इंच बारिश, मावठा लबालब

मौसम विभाग ने राज्य में 15 दिन झमाझम की संभावना जताई

पंजाब केसरी/जयपुर

प्रदेश में हो रही बारिश का असर अब दिखने लगा है। सोमवार सुबह तक सिरोही के रेवदर में करीब छह इंच बारिश हुई है। तेज बारिश के चलते जहां बरसाती नदियों में पानी की आवक शुरू हो गई है वहीं जयपुर की शान आमेर का मावठा भी लबालब हो गया है।

इधर प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है और मौसम विभाग ने राज्य में अगले 15 दिनों तक झमाझम की संभावना व्यक्त की है। सोमवार को बीते चौबीस घंटों के दौरान सबसे ज्यादा बरसात 148 मिमी सिरोही के रेवदर में दर्ज की गई है। प्रदेश के करीब एक दर्जन जिलों में मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है तो वहीं करीब डेढ़ दर्जन जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी में सोमवार को धूप निकली। इसके चलते दिनभर लोगों को उमस ने परेशान किया।

8 साल से खाली था, बीसलपुर के पानी से भर रहे थे

आमेर के मावठा को भरने के लिए बीसलपुर का पानी डाला जा रहा था ,लेकिन यह आधे से ज्यादा नहीं भर पाया था। इस मावठे में वर्ष,2012 में आखिरी बार चादर चली थी,उसके बाद से लगातार खाली होता चला गया। इस इलाके में तेज बरसात नहीं होने के कारण पिछले 8 वर्षों से यह पानी के लिए तरसता ही रहा। करीब 300 मिलियन लीटर पानी की भराव क्षमता वाले मावठा को बीसलपुर से फिर से भरने की कोशिश की गई। पिछले 8 महीने तक लगातार की गई पानी की सप्लाई के बाद भी मावठे को आधा ही भरा जा सका था। गत शुक्रवार को तेज बारिश के बाद एक ही दिन में आमेर का मावठा लबालब हो गया। अब मावठे में चादर चलने में महज 6 इंच पानी की और जरूरत है।

अब तक सामान्य से 19 प्रतिशत बारिश कम

प्रदेश में गत एक सप्ताह से हो रही बारिश ने औसत बारिश के अंतर को काफी हद तक कम कर दिया है। एक सप्ताह पहले तक जहां प्रदेश में औसत से 35 फीसदी तक कम बारिश दर्ज की गई थी तो वहीं अब ये अंतर माइनस 19 फीसदी तक पहुंच गया है। 24 जून को मानसून ने राजस्थान में दस्तक देने के बाद 16 अगस्त तक राज्य में 289.22 एमएम बारिश दर्ज की गई है जबकि अब तक राज्य में 357.7 एमएम बारिश दर्ज होनी थी। वहीं प्रदेश के करीब एक दर्जन से ज्यादा ऐसे जिले हैं जहां अभी भी औसत से करीब 100 एमएम तक कम बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश के 24 जिलों मे अभी भी तेज बारिश का इंतजार है। वहीं जयपुर समेत 5 जिलों में सामान्य से अधिक बरसात दर्ज की गई है।

जयपुर में गत दिनों आई बारिश के बाद भरा आमेर का मावठा।

एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने किया प्लाज्मा डोनेट

प्रदेश में पहला उदाहरण, प्लाज्मा के क्षेत्र में कोटा ने पेश की मिसाल

योगेश जोशी
पंजाब केसरी/कोटा

कोरोना पॉजिटिव मरीजों के इलाज में मददगार साबित हो रही टीम जीवनदाता की ओर से लगातार प्लाज्मा डोनेट करवाकर कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है। लोगों को लगातार जागरूक करते हुए उन्हें प्लाज्मा डोनेट के लिए तैयार कर मरीजों को नया जीवन देने का प्रयास किया जा रहा है। टीम जीवनदाता कोरोना पॉजिटिव की निराशा में आशा की किरण बनकर आगे आई है। सभी टीम सदस्य एक-एक व्यक्ति से सम्पर्क कर उन्हें प्लाज्मा डोनेट के लिए जागरूक कर रहे हैं। टीम के इसी प्रयासों से कोटा में एक ही परिवार के तीन सदस्य एक साथ प्लाज्मा डोनेट के लिए आगे आए हैं। टीम जीवनदाता के संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि एक ही परिवार के तीन सदस्यों का एक साथ डोनेशन करने का प्रदेश में यह पहला मामला है।

देश में भी कहीं ऐसा मामला देखने को नहीं मिला जब एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने कोरोना की जंग जीतने के बाद दूसरों की मदद करते हुए एक साथ प्लाज्मा डोनेशन किया हो। गुप्ता ने बताया कि कृष्णा नगर रंगबाड़ी रोड स्थित शगुन मैरिज गार्डन के पास रहने वाले मनोज त्यागी, साक्षी त्यागी और सारांश त्यागी ने कोरोना को मात देकर अब दूसरों के जीवन को बचाने का निर्णय किया है। कोटा में प्लाज्मा डोनेशन का ये 27वां मामला है।

माकन के लिए चुनौती भरा है प्रभारी पद

पायलट ने अविनाश पाण्डे को हटाने की मांग रखी थी

दिल्ली में साथ काम करने से गहलोत, माकन में अच्छी कमिस्ट्री

पंजाब केसरी/जयपुर

राजस्थान विधानसभा में विश्वास मत जीतने के साथ ही कांग्रेस आलाकमान ने समझौते पर अमल करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस आलाकमान ने राज्य के प्रभारी अविनाश पांडे को हटाकर पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन को राजस्थान की जिम्मेदारी सौंपी है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के करीब डेढ़ साल के बाद माकन को नया जिम्मा मिला है और पांच साल बाद कांग्रेस के केंद्रीय पदाधिकारी के तौर पर उनकी वापसी हुई है।

माकन को कमान सौंपना राजनीतिक लिहाज से एक तीर से दो निशाने माना जा सकता है। एक तो पाण्डे को हटाकर पायलट की नाराजगी को दूर करना। पायलट गुट ने पाण्डे को हटाने की मांग रखी थी। दूसरा दिल्ली चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ काम करने के कारण दोनों के बीच अच्छी कमिस्ट्री को आलाकमान राजस्थान में समन्वय के रूप में काम में लेना चाहता है। गहलोत,2013 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद केंद्रीय राजनीति में लौटे थे तब उन्हें दिल्ली का प्रभारी नियुक्त किया गया था।

सुलझे नेता की छवि है माकन की: माकन की छवि कांग्रेस के सुलझे हुए नेता के तौर पर रही है। राजस्थान मामले में भी माकन बैलेंस बनाते ही नजर आए थे। माकन पायलट के बजाय भाजपा पर निशाना साधते रहे हैं। वे राहुल गांधी के करीबी नेताओं के तौर पर माने जाते हैं। वहीं माकन के गहलोत के साथ भी रिश्ते बेहतर रहे हैं।

आंखों की किरकिरी थे पाण्डे: पांडे की छवि गहलोत के करीबी नेताओं के तौर पर बन गई थी। यहीं कारण था कि पाण्डे पायलट कैंप की आंखों में खटक रहे थे। बगावती तेवर अपनाने के बाद पायलट गुट के विधायकों ने पाण्डे को निशाने पर रखा है। बकौल पायलट गुट कई बार सरकार में काम नहीं होने की शिकायतें पांडे से की थी। लेकिन हर बार वे अनसुना कर देते थे। पायलट की बगावत के खिलाफ सबसे ज्यादा आक्रामक भी पांडे ही रहे थे। यहीं कारण रहा कि पायलट गुट ने अपनी वापसी की शर्त पांडे की हटाए जाना रखी । विधानसभा में विश्वास मत पर चर्चा के दौरान पायलट ने खुद कहा था कि बीमारी को उचित डॉक्टर को बता दिया है, इलाज होगा। इसके साथ ही राजस्थान का मामला सुलझाने के लिए वरिष्ठ नेता अहमद पटेल, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और अजय माकन की समिति गठित कर दी है। राजनीतिक पर्यवेक्षक इस इंतजार में है कि माकन और समिति कैसे इस चुनौती से पार पाती है।

विधायक पब्बाराम पॉजिटिव,सदन में रहे थे मौजूद

राज्य में मिले 891 नए मरीज,10 की मौत

पंजाब केसरी/जयपुर

विधानसभा सत्र में पूरी सतर्कता बरतने के बाद भी भाजपा विधायक पब्बाराम विश्नोई कोरोना की चपेट में आ गए है। वहीं दूसरी तरफ उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के पुत्र पराक्रम सिंह भी कोरोना पॉजिटिव आए है। विश्नोई और राठौड़ ने खुद सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी देते हुए सम्पर्क में आए लोगों से कोरोना टेस्ट करवाने की अपील की है। इधर राज्य में सोमवार दोपहर तक 891पॉजिटिव मिले और 10 की मौत हो गई।

विधायक ने शुक्रवार से शुरू हुए विधानसभा सत्र में भाग लिया था। साथ ही विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया और उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ से मुलाकात की थी। जोधपुर के फलौदी से विधायक ने कोरोना के शुरुआती लक्षण दिखाई देने के बाद रविवार को अपनी जांच करवाई थी। सोमवार को आई जांच रिपोर्ट में वे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। हालांकि विधानसभा सत्र के दौरान कोविड-19 की गाइडलाइन की पूरी पालना की गई थी, लेकिन फिर भी विधायकों की चिन्ता बढ़ गई हैं।

जयपुर में सूरजपोल गेट के बाहर कोरोना की जांच करते हुए। (छायाः पंजाब केसरी)

उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ क्वारेंटाइन

उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ के बेटे की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद राठौड़ ने खुद को होम क्वारेंटाइन कर लिया है। उन्होंने अपने पुत्र के संपर्क में आए लोगों से कोरोना जांच की अपील भी की है। बता दें कि राठौड़ के पुत्र पराक्रम को हाल में बुखार और हल्के सर्दी,जुकाम के लक्षण होने पर उनकी कोरोना की जांच की गई तो पॉजिटिव आई। इसके बाद राठौड़ और परिवार के अन्य सदस्यों ने भी अपना टेस्ट कराया,जिसमें 16 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

सीजे मामले में मांगा जवाब

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कोरोना रिपोर्ट को लेकर सीएमएचओ ने आरयूएचएस प्रशासन से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश की कोरोना रिपोर्ट पर असमजंस की स्थिति बन गई थी, जिसमें उनकी कोरोना रिपोर्ट दो जांच में अलग-अलग आई थी।राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विवि की जांच में सीजे पॉजिटिव पाए गए थे वहीं चिकित्सा विभाग की जांच में वे नेगेटिव आए थे। इस रिपोर्ट को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विवि से जवाब मांगा है। बता दें न्यायाधीश की पहली जांच आरयूएचएस से पॉजिटिव आने पर उनकी दूसरी जांच की गई तो नेगेटिव आई वहीं इसके बाद दो अन्य जांचें की गई जो नेगेटिव मिली।

एक्टिव मरीजों की संख्या 14649 पहुंची

राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 14649 हो गई है। वहीं अब तक कोरोना के कुल 62187 मरीज सामने आ चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के अब तक 19 लाख 13 हजार 726 सैंपल लिए जा चुके हैं, इनमें से 18 लाख 50 हजार 43 मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। कोरोना से अब तक 886 लोगों की मौत हो चुकी है। यह संख्या भी हर रोज बढ़ रही है। गौरतलब है कि राज्य में रविवार रात को रिकॉर्ड 1317 नए मामले सामने आए और 14 की मौत हुई।

भीलवाड़ा में सीआई सहित 135 पॉजिटिव

भीलवाड़ा से मुकेश राठी के अनुसार जिले में कोरोना ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक बार फिर कहर बरपा है। सोमवार को 135 पॉजिटिव सामने आए है। इनमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात पुलिस निरीक्षक, ट्रैफिक शाखा का सिपाही, आसींद में आरएसी का जवान और कोरोना से जान गंवा चुके एएसआई के दो बेटों सहित पुलिस लाइन क्षेत्र के 25 लोग शामिल हैं।

कोटा में 63 पॉजिटिव

कोटा से योगेश जोशी के अनुसार जिले में कोरोना संक्रमण तेज होने के साथ मौतों का आंकड़ा बढ़ने लगा है। कोटा में सोमवार दोपहर तक कुल 63 पॉजिटिव मिले है। सबसे ज्यादा 10 पॉजिटिव रामगंजमंडी में मिले है,वहीं कमला उद्यान कुन्हाड़ी से 4 ए दादाबाड़ी से 4 महावीर नगर फर्स्ट से तीन,लाडपुरा जगदीश होटल की गली से 3 सहित अनेक स्थानों से पॉजिटिव मरीज मिले है। गुमानपुरा निवासी 17 वर्षीय किशोर और केशवपुरा की रहने वाली 55 वर्षीय महिला की मरने के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। कोटा जिले में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 3670 पहुंच गया है।

अजमेर में 54 संक्रमित

अजमेर से रहमान खान के अनुसार अजमेर संभाग में कोरोना का कहर नहीं थम रहा। सोमवार को कोरोना महामारी से संक्रमित दो लोगों की मौत हो गई और 54 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं, इनमें महिलाओं की संख्या 16 बताई जाती है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए चिकित्सा विभाग चिंतित है। डॉक्टर संजीव माहेश्वरी का कहना है कि संक्रमित मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के लिए जी तोड़ प्रयास जारी है, इसके लिए चिकित्सकों की एक बैठक भी हुई जिसमें संक्रमण को लेकर विचार विमर्श किया।

मुख्यमंत्री और मुख्य सचेतक को बुखार

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी सोमवार को हल्के बुखार की शिकायत बताई जा रही है। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को चेकअप करने के बाद उन्हें आराम की सलाह दी है। उसके बाद सीएम ने अपने निवास पर पांच-छह घंटे आराम किया,लेकिन शाम को डिजिटल माध्यम से कोटा के एक हजार करोड़ के लागत से शुरू होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। वहीं डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मुख्य सचेतक महेश जोशी को भी बुखार की शिकायत होने पर उन्हें डॉक्टर ने आराम की सलाह दी है।

राजस्थान	
कुल संक्रमित	कुल मौतें
62187	886
नए संक्रमित	नई मौतें
891	10
रिपोर्ट नेगेटिव	रिपोर्ट शेष
1850043	1694

जयपुर	
कुल संक्रमित	कुल मौतें
7497	235
नए संक्रमित	नई मौतें
122	3
अब तक ठीक हुए मरीज	
4981	

कोरोना प्रभावित जिलों की रिपोर्ट

जिला	सैम्पल	पॉजिटिव	आज मिले
भीलवाड़ा	64100	1441	135
झुंझुनूं	31195	779	0
जयपुर	209297	7497	122
पाली	81072	3379	80
प्रतापगढ़	18400	263	0
सीकर	70057	2008	43
जोधपुर	278435	9202	157
डूंगरपुर	52517	809	9
चूरू	36015	765	4
अजमेर	72655	3174	54
अलवर	71496	6085	165
टोंक	21545	477	0
भरतपुर	56335	3227	0
धौलपुर	53880	1775	0
उदयपुर	81430	1973	55
बीकानेर	93674	3249	47
दौसा	21061	401	0
बांसवाड़ा	14058	373	6
नागौर	58133	1951	0
करौली	16696	473	0
कोटा	128882	3670	63
जैसलमेर	34613	283	0
झालावाड़	46948	971	0
बाड़मेर	44447	1930	0
हनुमानगढ़	18561	289	5
सवाईमाधोपुर	24750	378	7
चित्तौड़गढ़	24820	577	0
राजसमंद	31568	914	14
बारां	17090	363	0
जालोर	65559	1296	0
सिरोही	37690	1034	0
श्रीगंगानगर	17012	450	0
बूंदी	13993	393	5
कुल	**1913726**	**62039**	**891**

नोट:ईरान से आए 61 भारतीय, इटली के 2, बीएसएफ के 59 पॉजिटिव इसमें शामिल नहीं।

हैल्पलाइन नम्बर - 0141-2225624, 2518820, 2518239

कोरोना के प्रमुख लक्षण

अगर किसी व्यक्ति को सूखी खांसी के साथ तेज बुखार है तो उसे एक बार जरूर जांच करानी चाहिए। यदि तापमान 99.0 और 99.5 डिग्री फारेनहाइट है तो उसे बुखार नहीं मानेंगे। अगर तापमान 100 डिग्री फारेनहाइट (37.7 डिग्री सैल्सियस) या इससे ऊपर पहुंचता है तो यह चिंता का विषय हो सकता है। संक्रमित होने के 5 दिनों के अंदर व्यक्ति को सांस लेने में समस्या हो सकती है।

यह है बचाव के उपाय

कोरोना वायरस से बचने के लिए सावधानी ही सबसे ज्यादा जरूरी है। इसके अलावा दिन में बार-बार हाथों को साबुन से धोना चाहिए। अल्कोहल मिश्रित हैण्ड सैनेटाइजर का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। खांसते और छींकते समय नाक और मुंह रूमाल या टिश्यू पेपर से ढककर रखें। जिन व्यक्तियों में कोल्ड और फ्लू के लक्षण हों उनसे दूरी बनाकर रखें।

मुख्यमंत्री ने दी प्रस्तावों को मंजूरी

मेडिकल एजुकेशन सोसायटी का पुनर्गठन, 210 नए पद सृजित

प्रदेश में स्थापित नए चिकित्सा महाविद्यालयों के काम को मिलेगी गति

पंजाब केसरी/जयपुर

राज्य सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में नए चिकित्सा महाविद्यालयों के संचालन के लिए गठित राजस्थान मेडिकल एजुकेशन (राजमेस) सोसायटी का पुनर्गठन करने और सोसायटी के तहत 210 पद सृजित करने निर्णय किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस सम्बन्ध में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

गहलोत ने राजमेस सोसायटी का कार्यभार बढ़ने के क्रम में इसका पुनर्गठन करने और नए पदों के सृजित करने की स्वीकृति दी है। वर्तमान में सोसायटी के संचालन के लिए 27 पद स्वीकृत हैं और सोसायटी के अधीन विभिन्न जिलों में 7 नए चिकित्सा महाविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। हाल में स्वीकृत 15 अतिरिक्त मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ भविष्य में स्वीकृत होने वाले अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों का संचालन भी इसी सोसायटी के अधीन किया जाना है। चिकित्सा शिक्षा विभाग और वित्त विभाग के प्रस्ताव के अनुसार राजमेस सोसायटी में प्रशासन, विधि, लेखा, आयोजना, खरीद, अकादमिक, अभियांत्रिकी, अस्पताल प्रशासन और सूचना तकनीक (आईटी) आदि शाखाएं अथवा प्रभार गठित किए जाएंगे।

स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार राजमेस सोसायटी में वर्तमान 27 पदों के अतिरिक्त 210 नए पद सृजित किए जा रहे हैं। पुनर्गठन के बाद सोसायटी में निदेशक का एक पद, अतिरिक्त निदेशक के 3, उप निदेशक के 6, सहायक निदेशक के 6, वित्तीय प्रबंधन के लिए वित्तीय सलाहकार से कनिष्ठ लेखाकार स्तर तक विभिन्न स्तर के 30,अभियांत्रिकी शाखा में मुख्य अभियंता से लेकर सहायक अभियंता के स्तर के 35, आईटी शाखा में 50 पदों सहित कुल 237 पद सृजित हो जाएंगे।

पुलिस, जेल, होमगार्ड कार्मिकों को एकमुश्त 7 हजार रुपए वर्दी-किट भत्ता

प्रदेश में पुलिस,जेल और होमगार्ड विभाग के स्थायी कार्मिकों को अब वर्दी तथा किट भत्ते के रूप में प्रतिवर्ष एकमुश्त 7 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस सम्बन्ध में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। गहलोत की इस मंजूरी से पुलिस विभाग के कांस्टेबल से सहायक उप निरीक्षक स्तर तक के 86487 कार्मिक, होमगार्ड विभाग के कांस्टेबल से हैड कांस्टेबल तक के 422 एवं जेल विभाग के प्रहरी से लेकर उप कारापाल तक के 3712 सहित कुल 90621 कार्मिकों को लाभ मिलेगा। इससे राजकोष पर करीब 63 करोड़ 43 लाख रुपए का वित्तीय भार आएगा।

पर्यटकों के लिए प्रवेश शुल्क पर वार्षिक वृद्धि स्थगित

राज्य सरकार ने प्रदेश के विभिन्न संरक्षित वन क्षेत्रों में प्रवेश शुल्क पर 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि को चालू वित्तीय वर्ष के लिए स्थगित करने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री ने इस सम्बन्ध में वन एवं वित्त विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। गहलोत ने कोविड-19 विश्वव्यापी महामारी के चलते पर्यटन गतिविधियों पर सम्भावित नकारात्मक प्रभाव के दृष्टिगत प्रदेश के संरक्षित वन क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों आदि में पर्यटकों की संख्या घटने की आशंका के चलते यह फैसला किया है।

दलबदल मामले में हाईकोर्ट का फैसला 20 को

जयपुर,(पंजाब केसरी): बसपा के छह विधायकों के कांग्रेस में विलय के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 24 अगस्त तक टल गई। वहीं हाईकोर्ट की एकलपीठ भी विलय मामले में बसपा पार्टी और विधायक मदन दिलावर की याचिकाओं पर 20 अगस्त को अंतिम फैसला देगी। मामले में एकलपीठ ने 17 अगस्त को फैसला देना तय किया था, लेकिन हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में कोराना संक्रमण के चलते 19 अगस्त तक न्यायिक और प्रशासनिक कार्य निलंबित रहने के चलते अब एकलपीठ बीस अगस्त को फैसला देगी।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
www.centralbankofindia.co.in Build a better life around us
शाखा कार्यालय- संसार चंद्र रोड़, जयपुर

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत
सहपठित नियम 8(6) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को तथा देनदारों एवं जमानतदारों को विशेष रूप से यह सूचना दी जाती है कि रक्षित लेनदार के पास बंधक रखी गई निम्नलिखित अचल सम्पत्तियों, जिसका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, रक्षित लेनदार, द्वारा लिया लिया जा चुका है, ''जहां है जैसी है''तथा ''जहां है वैसी है'' के आधार पर यहां नीचे निर्दिष्ट तिथि एवं समय को रक्षित लेनदार-सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देनदारों तथा जमानतदारों से बकाया राशि की वसूली हेतु विक्रय की जाएगी। संबंधित सम्पत्तियों को आरक्षित मूल्य तथा धरोहर जमा राशि यहां नीचे उल्लेखित है:-

देनदारों/ शाखा का नाम/ खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड	सम्पत्ति का विवरण	बकाया राशि(रक्षित ऋण) डिमाण्ड नोटिस तिथि कब्जे की दिनांक	आरक्षित मूल्य रू. / धरोहर जमा राशि रू. / बिड वृद्धि राशि रू.	नीलामी दिनांक, ईएमडी जमा कराने की अंतिम दिनांक एवं निरीक्षण दिनांक
अरूण कुमार कपूर पुत्र श्री तिलक राज कपूर, श्रीमती मीनू कपूर पत्नी श्री अरूण कुमार कपूर मकान नंबर 231, उद्योग नगर झोटवाड़ा जयपुर- 302012, सेन्ट होम ऋण खाता सं. 2982897869, ऋण खाता सं. 4004555971 शाखा- संसार चंद्र रोड़, जयपुर	मकान नं. 47, भगवती नगर-ए, निवारू रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर (राज.) 302012 में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 100 वर्गगज है जो कि श्री अरूण कुमार कपूर पुत्र श्री तिलक राज कपूर के नाम से है। चर्तु सीमाएं:- उत्तर में- अशोक नगर-II, दक्षिण में- सड़क, पूर्व में- भूखण्ड संख्या 46, पश्चिम में- भूखण्ड संख्या 48	दिनांक 30.12.2019 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि रूपये 23,08,411/- (रूपये तैबीस लाख आठ हजार चार सौ ग्यारह मात्र) दिनांक 29.12.2019 + आगे का ब्याज व खर्च अतिरिक्त	रू. 26,75,000/- / रू. 2,67,500/- / रू. 25,000/-	21.09.2020 / 18.09.2020 / 14.09.2020

खाता सं.- 3061793836
IFSC Code: CBIN0281065
खाते का नाम- पैंशन ट्रान्स अकाउन्ट

नियम तथा शर्तें:- 1. ई-नीलामी उपरोक्त वर्णित तिथि एवं समय दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे के मध्य (बन्द होने के अंतिम 5 मिनट की स्वतः समयावृद्धि वाक्यांश के साथ), धरोहर जमा राशि तथा दस्तावेजों को जमा कराने की अंतिम उपरोक्त तिथि एवं समय सांय 04:00 बजे तक उपरोक्त शाखा में जमा करानी होगी। 2. इच्छुक बोलीदाता संपत्ति की उपरोक्त वर्णित निरीक्षण दिनांक को प्रातः 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे के मध्य संबंधित शाखा में कर सकते है। 3. धरोहर राशि जमा कराने हेतु NEFT/RTGS उपरोक्त वर्णित खाता संख्या खाते का नाम: पैंशन ट्रान्स अकाउन्ट संबंधित शाखा में भुगतान कर सकते है। कृपया ध्यान दे धरोहर राशि के रूप में चैक/डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार नही किये जायेंगे। 4. संपत्ति से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु शाखा प्रबंधक, संसार चन्द्र रोड़, जयपुर डॉ. हिमांशु गुप्ता, मो. 8696930999, शाखा ई-मेल bmjaip1065@centralbank.co.in कार्यालय समय के दौरान सम्पर्क कर सकते है। 5. ई-नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इण्डिया प्रा. लि. गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, बिल्डिंग नं. 301, प्रथम तल, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, श्री विनोद चौहान सम्पर्क सं. 09813887931 से प्राप्त कर सकते है ई-मेल आई डी delhi@c1india.com , हेल्पलाईन नं. +91-1244302020/21/22/23/24, Help Line e-mail ID: support@bankeauctions.com 6. विस्तृत नियमों व शर्तों की अधिक जानकारी हेतु हमारी www.centralbankofindia.co.in or https://www.bankeauctions.com पर सम्पर्क कर सकते है।

सरफैसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत 30 दिवस की वैधानिक विक्रय सूचना

ऋणीयों/जमानतदारों को उपरोक्त वर्णित राशि का नियत तिथि तक ब्याज एवं सहायक खर्चों के साथ ई-नीलामी की दिनांक से पूर्व भुगतान करने हेतु सूचित किया जाता है जिसमें चूक होने पर सम्पत्ति नीलाम/बेच दी जायेगी तथा बकाया राशि यदि कोई है तो ब्याज लागत के साथ वसूल की जायेगी।

दिनांक: 18.08.2020, स्थान: जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया